प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022-22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
इ-मेल email: helpdoc@rbi.org.in

26 फरवरी 2021

बैंक ऋण का क्षेत्रवार विनियोजन – जनवरी 2021[1]

बैंक ऋण के क्षेत्रवार विनियोजन पर चयनित 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जनवरी 2021 माह के एकत्र आंकड़े जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल गैर-खाद्य ऋण में लगभग 90 प्रतिशत का हिस्सा रखते हैं, विवरण-। और विवरण-।। में दिए गए हैं।

बैंक ऋण के क्षेत्रवार विनियोजन के आंकड़ों के मुख्य अंश निम्नानुसार हैं :

- वर्ष-दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) आधार पर, गैर-खाद्य बैंक ऋण में जनवरी 2020 की 8.5 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2021 में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- कृषि और संबद्ध क्रियाकलापों के लिए दिए गए ऋण में वृद्धि जारी रखते हुए जनवरी 2020 में दर्ज 6.5 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2021 में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- उद्योग के लिए दिए गए ऋण में जनवरी 2020 के 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की तुलना में जनवरी 2021 में 1.3 प्रतिशत का संकुचन दर्ज किया गया जिसका मुख्य कारणबड़े उद्योगों को ऋण में 2.5 प्रतिशत का संकुचन था (जनवरी 2020 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि)। मध्यम उद्योगों के लिए एक वर्ष पहले के 2.8 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2021 में 19.1 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई और सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए ऋण ने जनवरी 2021 में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि एक वर्ष पहले यह 0.5 प्रतिशत थी।
- उद्योग के भीतर, 'खनन और उत्खनन', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कपड़ा', 'रत्न और आभूषण', ''पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन', 'कागज और कागज उत्पाद', 'चमड़े और चमड़े के उत्पाद', और 'वाहन, वाहन भागों और परिवहन उपकरण' में पिछले वर्ष के इसी माह में वृद्धि की तुलना में जनवरी 2021 में त्वरित वृद्धि दर्ज की गई। हालाँकि, 'प्लास्टिक और उनके उत्पादों', 'पेय और तम्बाकू', 'रसायन और रासायनिक उत्पाद', 'मूल धातु और धातु उत्पाद', 'निर्माण' और 'बुनियादी ढाँचे' के के ऋण वृद्धि में संकुचन / कमी हुई।
- सेवा क्षेत्र में ऋण वृद्धि जनवरी 2021 में घटकर 8.4 प्रतिशत रह गई जो जनवरी 2020 में 8.9 प्रतिशत थी। हालांकि, 'परिवहन परिचालकों' 'और 'व्यापार' को ऋण, तेज वृद्धि दर्ज करते हुए, महीने के दौरान अच्छा प्रदर्शन करते रहे।
- वैयक्तिक ऋणों में जनवरी 2020 में 16.9 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2021 में 9.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी : 2020-2021/1168

[1] जनवरी 2021 से प्रभावी, क्षेत्रवार बैंक ऋण डेटा संशोधित प्रारूप पर आधारित है, जिसके कारण पहले प्रकाशित किए गए कुछ मौजूदा घटकों के मूल्यों और विकास दर में कुछ बदलाव हुए हैं।